सार-समाचार

पिकअप पोल से टकराई, चालक घायल

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। अलग-अलग घटनाओं में 6 जने घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें से पिक अप खंबे से टकराने से चालक घायल हो गया, जिसे श्री महावीरजी थाना प्रभारी ने अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर होने कारण डॉक्टरों ने जयपुर कर दिया है। राजकीय अस्पताल के मेडिकल जूरिस्ट डॉक्टर राम नरेश कुमार ने बताया कि अलग-अलग वाहन घटनाओं में 6 जने घायल हो गए जिनमें मुडियाकापुरा का मारपीट में उदय सिंह घायल हो गया।जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है। इरनिया का निवासी रणजीत सिंह वाहन दुर्घटना में घायल हो गया।जिसे अस्पताल भर्ती कराया। हुकमी खेड़ा का बृजेश कुमार वाहन दुर्घटना में घायल होने पर अस्पताल भर्ती कराया है। महमदपुर रामवीर सिंह घटना में घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया है। चेतराम कॉलोनी का लक्ष्मण वाहन दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे अस्पताल भर्ती कराया है। फुलवाडा निवासी पिकअप चालक नरेश कुमार हिंडोन आ रहा था। कांदरौली मोड़ के पास एक सवारी को बचाने के प्रयास में पिकअप खंभे से टकरा गई। जिससे फुलवाडा निवासी नरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर श्री महावीर जी थाना प्रभारी धर्म सिंह ने अपनी सरकारी जीप से घायल को राज्य अस्पताल भर्ती कराया। हालत गंभीर होने कारण डॉक्टर ने जयपुर रेफर कर दिया है।

वृद्धाश्रम में कंबल बांटे

टोडाभीम (नि. सं.)। टोडाभीम के बीजबड़ बालाजी मंदिर के पास स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धों को भामाशाह शिक्षक रामधारी में के द्वारा सर्दी की आहट शुरू होते ही उन्हें कम्बल वितरित किये गए। वृद्धाश्रम की संचालिका सतिशा चौधरी ने बताया कि वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों को कम्बल वितरित करने का भामाशाह शिक्षक रामधारी मीना द्वारा एक पुनीत व सराहनीय कार्य है। वृद्धजनों की सेवा करने से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। इस अवसर पर भामाशाह शिक्षक रामधारी मीना ने कहा कि इन वृद्धजनों की सेवा करने में मुझे जो सुख की अनुभूति हुई वैसा मैनें मेरे जीवन मे कभी महसूस नही किया उन्होंने ने कहा कि इस अवसर पर मार्मिक अनुभूति हुई और बहुत कुछ सकारात्मक सीखने को मिला और मानव सेवा को ही परमो धर्मः बताया गया। इस अवसर पर सहायक अभियंता मुकेश मीना, मुकेश नांगललाट, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय अभिराज मीना, रिंकू वाल का पुरा, अथर अहमद, प्रवीण नौबिस्वा, हंसराज मीना, लख्खीराम मीना सहित कई जने उपस्थित रहे।

कांग्रेस के 250 दावेदार आए

टोडाभीम (नि. सं.)। रोडवेज बस स्टैंड पर स्थित विधायक पृथ्वीराज मीणा के कार्यालय पर दूसरे दिन पंचायत चुनावों के टिकटों के दावेदारों का दिनभर जमघट लगा रहा और 250 दावेदारों ने काग्रेस के टिकिट के लिए अपने बायोडाटा जमा करवाये गए। जिले में पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार से नामांकन फार्म जमा करवाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव में टिकट की दावेदारी को लेकर प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जोड़ जोड-तोड़ बिठाने में लगे हुए हैं। विधायक पृथ्वीराज मीणा के कार्यालय पर टिकट के दावेदार अपने समर्थकों को लेकर पहुंचे दावेदारों ने अपने बायोडाटा सौंपे गए तो समर्थकों ने साथ देने का वादा किया और विधायक को जिताने का भरोसा भी दिलाया। क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीणा का कहना है कि टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में कांठोसी टिकट के लिए दावेदारों की होड़ मची हुई है। उन्होंने ने जानकारी पर बताया कि एक-एक वार्ड से 5 से 6 दावेदार सामने आ रहे हैं। पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि एकजुटता के साथ टोडाभीम एवं नादौती में कांठोस के प्रधान की जोड़-तोड़ में हैं।

भगवान राम के जन्म की कथा सुनाई

सूरौठ (नि.सं.)। एकोराशी गणेश दास आश्रम पर सुखदेव महाराज श्रृंगवेरपुर वाले के शिष्य गणेशदास महाराज त्यागी एकोराशी के सानिध्य में नवकुण्डात्मक श्री राम कथा महायज्ञ की चल रही रामकथा में सोमवार को कथा आचार्य विष्णु चेतन महाराज मुरैना वालों के मुखारविंद से चल रही रामकथा में सोमवार को भगवान राम के जन्म की कथा सुनाई गई। राम के भजनों पर महिलाओं व पुरूषों ने जमकर नृत्य किया। कथा के बाद शाम को गणेशदास महाराज द्वारा आरती की गई। श्रोताओं को प्रसादी का वितरण भी गया। गणेश दास महाराज के शिष्य सीताराम दास, भरत दास व जगर दास, मनोज शास्त्री यज्ञ आचार्य व विष्णु चौधरी व दलवीर चौधरी ने बताया कथा समापन के बाद उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिय। आचार्य विष्णु चेतन जी महाराज मुरैना वालो मुखारविंद से कथा 5 दिसंबर तक सुनाई जायेगी व 6 दिसंबर को भणडारे प्रसादी का आयोजन किया जायेगा।

लाइट फिटिंग के तार चोरी का गिरफ्तार

करौली (निं.सं.)। करौली शहर में नवनिर्मित मकानों से लाइट वायरिंग के तारों की चोरी करने वाली गिरोह के सक्रिय सदस्य को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शहर में कई स्थानों पर वारदात करना कबूल किया है। पुलिस आरोपी से अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी से एक मोटर साईकिल भी जब्त की है। करौली कोतवाली थाना अधिकारी रामेश्वर दयाल ने बताया कि नवनिर्मित सूने मकानों से लाइट फिटिंग की वायरिंग चोरी करने वाले मनीष पुत्र चंदर 21 निवासी मण्डरायल रोड कन्नू पुरा करौली को सोमवार सायकाल गिरफ्तार किया है। थाने के हैड कांस्टेबल भल्लू सिंह ने बताया कि शकील खान पुत्र बुलाकी खान निवासी चटीकना बाजार करौली ने गत 26 नवम्बर को थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। टीम में हैड कांस्टेबल भल्लूसिंह, कानि. रघुवीर, सत्येन्द्र, वीरप्रताप, सुग्रीव शामिल थे।घटनास्थल पर मिली मोटर साईकिल के आधार पर मनीष माली की तलाश शुरू की। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है।

करौली कॉलेज में एनसीसी भर्ती

करौली, (निं.सं.)। करौली के राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान पर एनसीसी भर्ती का आयोजन हुआ। करौली राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी अधिकारी महेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में 63 सीटें थी जिनमें 18 सीटें महिला अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षित रखी गई थी। महाविद्यालय में एनसीसी भर्ती के लिए कुल 272 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिनमें 14 महिला अभ्यर्थी थी एनसीसी भर्ती प्रक्रिया के लिए 14वी राज्य बटालियन एनसीसी कोटा से सूबेदार मेजर धूप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में आर्मी भर्ती बोर्ड में चयन की प्रक्रिया पूर्ण की । सहयोग और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली थाना अधिकारी रामेश्वर दयाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

मधुमक्खी के हमले से कृषक घायल

बयाना, (नि.सं.)। गांव नगला सिंघाडा में सोमवार को खेत पर काम करते समय अचानक मधुमक्खियों में एक किसान पर हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए इस किसान ने काफी कोशिश की और भागते हुए शोर भी मचाया किन्तु मधुमक्खियों के झुंड को देख किसी की भी हिम्मत उसे बचाने की नही हो सकी और मधुमक्खियों ने इस किसान को डंक मार मार कर घायल कर दिया। बाद में मूर्छित किसान को उपचार के लिए बयाना के अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया। उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया है। अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगला सिंघाडा निवासी किसान रमेषचंद गुर्जर को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था।

टोडाभीम में नहीं भरा नामांकन

टोडाभीम (नि. सं.)। करौली जिले में आगामी 18 दिसंबर को होने वाले पंचायत समिति सदस्य के लिए टोडाभीम पंचायत समिति के 33 वार्डो में से चुनावों को लेकर सोमवार को नामांकन फार्म भरने के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी के द्वारा अपना नामांकन फार्म नही भरा गया। निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीना ने जानकारी पर बताया कि पंचायत समिति सदस्य के लिए नामांकन फार्म भरने के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी के द्वारा नामकन नही भरा गया उन्होंने बताया कि नामांकन फार्म भरने के पहले दिन प्रत्याशियों के द्वारा 70 नामांकन फार्म खरीदे गए लेकिन नामांकन फार्म निर्वाचन अधिकारी के यहां जमा नही करवाए।

छात्र नेताओं ने ज्ञापन दिया

करौली,(निं.सं.)। करौली के छात्र नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर कॉलेज छात्रसंघ चुनाव करवाने एवं उच्च शिक्षा में छात्राओं की शिक्षा को निशुल्क करवाने की मांग की। छात्र नेता रुद्रप्रताप सिंह जादौन,भानु,अंकित,दिनेश बैंसला,मोंटी गोयल, रिंकू,भंवर सहित कई अन्य युवाओं ने मुख्यमंत्री के नाम का कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

चुनाव में पुलिस के पुख्ता इंतजाम होंगे : मृदुल कच्छवा

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छवा ने सोमवार को थाना नई मंडी में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान कराने के आग्नेयास्त्रों को थानों मे जमा कराने,तथा चुनाव मे संदिग्ध गतिविधियों वालों को पाबंद करने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक मृदुल कछवा ने थाना नई मंडी में सर्किल के पुलिस अधिकारियों की चुनाव से संबंधित बैठक ली। जिसमें शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए लाइसेंस धारी आग्नी हथियारों को जमा कराने तथा चुनावों में गड़बड़ी करने वाले लोगों को चिन्हिकरण कर पाबंद करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति के चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात किया जाएगा।किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। देहात क्षेत्र के गांव में पूर्व में चुनावों का गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों की जानकारी जुटाकर पाबंद करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शांतिपूर्ण मतदान कराने में पुलिस की कोई कमी नहीं आएगी। मतदान के दिन पोलिंग बूथों के अलावा मोबाइल पुलिस पार्टी एवं कई जगह पर पिकेट लगाई जाएंगी।

बैठक में सीओ किशोरी लाल नई मंडी थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद, कोतवाली थाना प्रभारी वीरसिंह सूरौठ थाना प्रभारी बाल कृष्ण आदि मौजूद रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पूर्व प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। लंबित प्रकरणों वांछित एवं भगोड़े को खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। चुनावों के मध्य रखते हुए धारा 144 लागू है। किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति की गतिविधियों को शीघ्र अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का उद्देश्य शांतिपूर्ण मतदान कराने का है। जिसके लिए सभी उचित उपाय करने के निर्देश दिए हैं। सभी अधिकारियों से संबंधित थाना क्षेत्रों के दर्ज आपराधिक मामलों की समीक्षा की।

पर्यवेक्षक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लिया फीडबैक

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त हिंडौन क्षेत्र के पंचायत चुनाव पर्यवेक्षक शुभदेश चौहान ने आज सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया।

कार्यालय प्रभारी हिम्मत सिंह जाट ने बताया कि आज आज सुबह ही विधायक आवास पर कांग्रेस टिकट मांगने वालों की बड़ी तादाद में भीड़ जुटना शुरू हो गया था।

नगर परिषद सभापति बृजेश कुमार ने पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। स्थानीय विधायक भरोसी लाल जाटव ने पीसीसी के पर्यवेक्षक को आश्वस्त किया। इस अवसर पर देहात ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोलंकी पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ,किसान नेता राजेश लेकोरिया पूर्व सरपंच पप्पू बंकी भगत सिंह ठाकुर राजीव शुक्ला नरसी पाराशर विष्णु डागुर मोहना डागुर विक्रम गुर्जर प्रकाश मीणा आदि ने पर्यवेक्षक का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। विधायक आवास पर टिकट की दावेदारी करने वाले उपस्थित रहे।

हिण्डौन में महिला प्रत्याशी का नामांकन

आगामी पन्द्रह दिसम्बर को होने वाले पंचायत समिति सदस्य के लिए चुनाव को लेकर सोमवार से नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई। जिसमें पहले दिन एक नामांकन फार्म ही जमा हुआ जो पंचायत समिति हिण्डौन के वार्ड नम्बर 25 की महिला प्रत्याशी ने जमा कराया।

पंचायत समिति हिण्डौन चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम अनूपसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पंचायत समिति क्षेत्र में दूसरे चरण में पन्द्रह दिसम्बर को पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए निर्वाचन होना है।

इसके लिए चुनाव प्रक्रिया 29 नवम्बर सोमवार से शुरू हो चुकी है। जिसमें प्रत्याशियों के नामांकन फार्म भरना शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू होने के पहले दिन केवल एक नामांकन फार्म जमा हुआ जो पंचायत समिति के वार्ड नम्बर 24 से अनीता पत्नि सुरेन्द्र जाति गुर्जर निवासी नांगल दुर्गसी ने सामान्य वर्ग प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन फार्म जमा कराया है।

प्रत्याशी अनीता ने जानकारी देते हुए बताया कि वे पहली बार राजनीति में आई है और पहला चुनाव लड रही है। नांगल दुर्गसी और जटवाडा उनके मतदान क्षेत्र है। वे कांग्रेस पार्टी से टिकिट की दाबेदारी जता रही है। इधर उपखण्ड अधिकारी सिंह ने बताया कि दो दिसम्बर नामांकन फार्म भरने का अंतिम दिन होगा। इसके बाद तीन दिसम्बर को नामांकन फार्मो की जांच की जावेगी और 4 दिसम्बर को नामांकन फार्म वापसी का समय रहेगा।

नामांकन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू होते ही उपखण्ड अधिकारी कार्यालय परिसर में लोगों की भीड जमा होना शुरू हो गया है। चुनाव की तैयारी में जुटे संभावित प्रत्याशी अपने आवश्यक दस्तावेजों को तैयार करने में लगे हुए है। जो अपने समर्थकों के साथ उपखण्ड अधिकारी कार्यालय और तहसील परिसर पहुंचकर चुनाव के नामांकन भरने के लिए फार्म लेने और उन्हें अनुभवी लोगों से तैयार करवाने में जुट गये है जिससे किसी भी प्रकार की कोई चूक या खामी नहीं रह जाये।

उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में नामांकन फार्म वितरण और जमा करने के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है, प्रतिनियुक्त कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है।

करौली में कोई नामांकन नहीं

करौली (निं.सं.)।जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहांग ने बताया कि जिला परिषद सदस्य के लिये प्रथम दिन सोमवार को कोई भी आवेदन प्राप्त नही हुआ है। उन्होने बताया कि पंचायत समिति सदस्य के लिये प्रथम दिन करौली मे एक एवं हिण्डौन मे एक नामांकन प्राप्त हुआ है।

डॉ. सुभाष गर्ग ने सड़क कार्य का शिलान्यास किया

भरतपुर, (निस)। तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने सोमवार को नगर विकास न्यास द्वारा पुष्पवाटिका कॉलोनी से गोपाल नगला मोड तक बनने वाली करीब 3 करोड 27 लाख रूपये की लागत की सड़क निमार्ण कार्य का शिलान्यास किया। इस सड़क के बनने के बाद लगभग 8 कॉलोनियों सहित कई गॉवों के लिये आवागमन सुलभ हो सकेगा और आमजन को हो रही परेशानियों से राहत मिल सकेगी। इस अवसर पर नगर विकास न्यास के अध्यक्ष एवं जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता, नगर निगम के आयुक्त कमलराम मीणा, नगर विकास न्यास के सचिव केके गोयल, उपखण्ड अधिकारी देवेन्द्र सिंह परमार, ईश्वर सिंह , मोहन सिंह, संतोष फौजदार, विनोद गुप्ता, डॉ. सुरेश यादव एवं पार्षदों सहित कई जने उपस्थित थे।

शिलान्यास के बाद समारोह में तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भरतपुर के विकास के लिये स्वीकृत किये गये कार्यों के परिणाम आगामी 6 माह बाद दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी कार्यों को तेज गति से कराने और इनमें गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अभियंताओं को चाहिये कि वे निर्माण कार्यों का समय समय पर पर्यवेक्षण करें ताकि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता बनी रह सके। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि निर्माण कार्यों में कहीं अनियमितता मिली तो संबंधित अधिकारी एवं संवेदक के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने आमजन से भी आग्रह किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें और कहीं कोई परेशानी अथवा गुणवत्ता में कमी मिले तो नगर विकास न्यास के अधिकारियों को सूचित करें।

डॉ. गर्ग ने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग के आधार पर सडक की चौडाई 7 मीटर के स्थान पर 10 मीटर की जाये चौडाई बढने से आवागमन में सुविधा मिलेगी वहीं वाहनों का दबाव की कम होगा। डॉ. गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार ने पहली बार शहरी क्षेत्र के निवासियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित करने और उनके आवासों के पट्टा जारी करने के लिये प्रशासन शहरों के संग गॉवों के संग अभियान शुरू किया गया है।

कलैक्टर हिमांशु गुप्ता ने कहा कि नगर विकास न्यास भरतपुर के सुव्यवस्थित विकास के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि जो पट्टे पहले लगभग 3 लाख 19 हजार रूपये राशि जमा कराने पर दिये जा रहे थे वो अब इस छूट के बाद लगभग 60 हजार रूपये राशि जमा कराने पर मिल सकेंगे।

कार्यक्रम में नगर विकास न्यास के सचिव केके गोयल ने बताया कि पुष्पवाटिका कॉलोनी से ईश्वर वाटिका होते हुये गोपाल नगला मोड तक लगभग 3 करोड 27 लाख रूपये की लागत से डामरीकरण सड़क का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले शहर में बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास हो चुका है।

निरीक्षण किया

गंगापुर सिटी, (नि.स)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित पार्क में आयोजित प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर का सभापति शिवरतन अग्रवाल ने निरीक्षण किया एवं संबंधित कर्मचारियों से कार्यों का जायजा लिया। लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के निर्देश दिए। सभापति द्वारा 2017 की फाइल एवं उससे पहले की फाइलों को निस्तारण के निर्देश दिए। सभापति ने कहा कि अभी तक हमने 296 पट्टे वितरित किये हैं। आयुक्त दीपक चौहान, पार्षद बबलू चौधरी, गोविंद पाराशर व नगर परिषद के कार्मिक उपस्थित थे।

ट्रक यूनियन की सदस्यता का आज अंतिम दिन

गंगापुर सिटी, (नि.स)। न्यू ट्रक यूनियन गंगापुर सिटी के अध्यक्ष ने समस्त ट्रक मालिकों से सदस्य बनने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा की अभियान पिछले 20 दिन से चल रहा हैं और 30 नबंबर मंगलवार सदस्य बनने की अंतिम तिथि हैं जो भी मोटर मालिक सदस्य बनने से वंचित हैं वो आज मंगलवार को हर हाल में सदस्यता ग्रहण करलें। इसके बाद किसी को भी सदस्य नहीं बनाया जायेगा। 19 दिसंबर रविवार को ट्रक यूनियन पदाधिकारियों के होने वाले चुनाव में सदस्यता ग्रहण करने वाले हीं मतदान कर सकेंगे। सदस्यता शुल्क 500 रूपये रखा गया है।

गोवर्धन पूजा का वर्णन किया

गंगापुर सिटी, (नि.स)। टोंकसी गांव स्थित खेडा वाले बालाजी पर आयोजित भागवत कथा में पंडित बनवारी लाल शास्त्री गोवर्धन पूजन की कथा का रोचक वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, वेदप्रकाश, केदार लाल गुप्ता सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

शिक्षक संगठनों के सम्मेलन शुरू

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। हिण्डौन सिटी शहर में अलग अलग जगह शिक्षकों के अलग अलग संगठनों ने सोमवार से जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलनो का विधिवत उदघाटन कर महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

इस दौरान शहर के झारेडा रोड स्थित आशा मैरिज होम में शिक्षक संघ राधाकृष्णन की ओर से जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिमसें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाशचंद मीणा व अन्य अतिथियों का जिला अध्यक्ष अनूप शर्मा ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। मां सरस्वती की वंदना के साथ शुरू हुए सम्मेलन में प्रमुख वक्ताओं ने कोरोना काल में विधार्थियों को हुई क्षति की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास और विशेष तरीके अपनाने की बात कही तो वहीं शिक्षकों से जुडी हुई समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इसी तरह राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की ओर से शहर के बयाना रोड स्थित एक निजी कॉलेज में दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन का विधिवत उदघाटन किया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य गोपाल सिह डागुर ने मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। वक्ताओं ने करोना काल में विधार्थियों को हुई परेशानी को लेकर चर्चा करते हुए बताया कि इस दौरान ऑनलाईन शिक्षण का फार्मूला विधार्थियों के लिए ज्यादा लाभदायक साबित नहीं हो पाया। विधार्थी मोबाईलों से ज्यादा सम्पर्क में आये है और इसके दुष्परिणामों के भी शिकार हुए है। शिक्षा के उद्देश्यों से भी वंचित हुए है। इस दौरान जिला अध्यक्ष तेजसिंह डागुर ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को एकजुटता से उठाने की अपील की। शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से जेबी पूर्वांचल स्कूल में सम्मेलन हुआ।

रामखिलाडी मीणा, सीबीईओ टोडाभीम व कैलाश चंद मीणा, गोपाल गुर्जर, पुरूषोत्तम शर्मा आदि अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान अतिथियों ने विधालयों में शिक्षा के स्तर को उन्नयन करने के लिए महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श किये तो वहीं जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर व महामंत्री हंसराम गुर्जर ने सभी शिक्षकों से एकजुटता से अपनी प्रमुख्य समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करने का आव्हान किया।

करौली में शिक्षकों की मांगों पर चर्चा

करौली, (निं.सं.)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा करौली का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 7 पुराने ट्रक यूनियन करौली में शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक निदेशक गोविंद प्रसाद शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा अशोक कुमार शर्मा एवं दिनेश चतुर्वेदी पूर्व जिला अध्यक्ष रहे। अतिथियों ने मां शारदे के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक रामनिवास पाराशर ने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा शिक्षक सम्मेलनों की उपयोगिता पर विचार प्रकट किए गए एवं शिक्षकों की लंबित मांगों को हर संभव शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिले में शिक्षकों के प्रयास से नामांकन में हुई बेतहाशा वृद्धि की प्रशंसा की।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा अशोक कुमार शर्मा ने शैक्षिक अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि शिक्षक समाज का प्रतिबिंब है बालकों को संस्कारित करना शिक्षक का प्रथम कर्तव्य है।

शिक्षक संघ प्रगतिशील के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों का अतिथियों द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी में करौली जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का शिक्षकों ने माला साफा पहनाकर स्वागत किया। जिसमें प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास पाराशर,प्रांतीय सचिव कल्याण प्रसाद शर्मा,प्रदेश प्रचार मंत्री सुरेंद्र कुमार शर्मा,संयुक्त मंत्री ब्रह्मा लाल सैन,प्रदेश संगठन महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा,प्रदेश संभाग अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा,महामंत्री अनुराधा शर्मा,प्रदेश संभाग महामंत्री निरंजन तिवारी,ब्रह्मानंद कौशिक एवं रवि कांत शर्मा का स्वागत किया गया एवं प्रदेश स्तर पर जिले की समस्याएं उठाकर शीघ्र समाधान कराने की मांग की गई।

मुकेश सारस्वत जिलाध्यक्ष बने

करौली, (निं.सं.)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रांतीय पर्यवेक्षक रामनिवास पाराशर ने बताया कि मध्यान्ह पश्चात जिला कार्यकारिणी के चुनाव निर्वाचन अधिकारी शीतल प्रसाद शुक्ला एवं पुरुषोत्तम शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश सारस्वत को सर्वसम्मति से निर्विरोध राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया।

उन्होंने बताया की कार्यकारणी मे जिला महामंत्री पद पर रवि प्रकाश बंसल, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष शर्मा, जिला सभाअध्यक्ष महेश शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीनिवास शर्मा,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए संगठन के शीर्ष पदों को मनोनयन द्वारा 15 दिवस के अंदर पूरा करने के निर्देश नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश सारस्वत को दिए गए। सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारियों ने संघ के विधान के अनुसार पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई ।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास पाराशर ने नवीन जिलाध्यक्ष सारस्वत का माल्यार्पण कर व साफा बांध का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर सेडू राम माली,प्रहलाद व्यास, दीनदयाल शर्मा, तारिक खान, रतन सिंह मीणा, पूरन सिंह मीणा, महेंद्र कुमार राठौर,पुरुषोत्तम शर्मा, रामस्वरूप शर्मा,अनिल गोले, ओम प्रकाश गुप्ता, अनुराधा शर्मा, कमला शर्मा, गोविंद प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र कुशवाह, रमेश चंद शर्मा, शिवकुमार शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

मुरारी मीणा बालाजी मदिर पहुंचे

मेहंदीपुर बालाजी (नि.सं.)। कृषि विपणन पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा रविवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुँचे। राज्यमंत्री का कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने ठीकरिया , गुर्जर सीमला बालाजी मोड़ , मीन भगवान मंदिर सहित मुख्य बाज़ार में दर्जनों जगह स्वागत द्वार लगाए गये समर्थकों ने मंत्री को माला , साफ़ा , तस्वीर भेंट कर ज़ोरदार स्वागत किया। मीन भगवान मंदिर पर सीमला के पंच पटेलों ने मंत्री को साफ़ा व पहनाकर स्वागत किया आटो यूनियन के अध्यक्ष झालूँ सीमला के नेतृत्व में मंत्री को बालाजी महाराज की तस्वीर भेंट की। इसके बाद मंत्री बालाजी मंदिर पहुँचे जहॉ उन्होंने सपत्नी बालाजी महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर देश प्रदेश खुशहाली की कामना की। पंडितों ने राज्यमंत्री मुरारी पत्नि सविता बेटी निहारिका को सोने के चोले का टीका लगाकर अभिनन्दन किया। मंदिर ट्रस्ट सचिव एम . के माथुर मंत्री की अगवानी कर मंत्री पद की शुभकामनाएँ दी। बालाजी मंदिर में ट्रस्ट प्रतिनिधि जगदीश पुरी ने मंत्री को माला व शाल भेंट कर उनका स्वागत किया तथा बालाजी महाराज की प्रसादी भेंट की। इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष रामजी लाल ओड , ज़िला प्रमुख हीरालाल सैनी , एसडीएम रणजीत सिंह , डिप्टी एसपी संतराम मीना, युंका प्रदेश सचिव रणवीर पांचाली , ब्लाक अध्यक्ष शिवराम मीना, सिकन्दरा प्रधान सुल्तान बैरवा , युवा नेता अमिषेक बालाजी , रवन सीमला, जितेन्द्र मीना मौजूद रहे। इस दौरान राज्य मंत्री मुरारी मीना ने पत्रकार वार्ता में कहा मंत्री बनने के सभी विभाग से किसान , पर्यटन सहित सभी वर्गों के लिए काम करेंगे। विभागीय कार्यों में ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे सभी वर्गों को फायदा मिले। सभी कार्यकर्ता एक जाजम पर बैठकर बेहतरीन काम करेंगे।जिससे 2023 में पुनः कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

सड़क हादसे में महिला की मौत

रूपवास (नि.सं.)। क्षेत्र के नेशनल हाईवे संख्या 123 पर स्थित नगला शीशम के पास हुई बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार जनें घायल हो गए। मृतका के शव को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं घायलों को भी सीएचसी में लाया गया। जहां से एक युवक को भरतपुर रैफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही हैड कांस्टेबल मोहन सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना की जानकारी ली। हैड कांस्टेबल मोहन सिंह ने बताया कि धौलपुर रोड़ स्थित नगला शीशम के पास 2 बाइकों में अचानक भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक सवार कमलेश पत्नी रामेश्वर उम्र 30 साल निवासी लखनपुर थाना रूदावल की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार सुरेश पुत्र बाबूलाल भी घायल हो गया। घटना में दूसरा बाइक सवार प्रेमपाल पुत्र पप्पू निवासी नगला शीशम भी घायल हो गया। मृतका कमलेश अपने देवर सुरेश के साथ अपनी रिश्तेदारी में गांव कौलारी शादी में गए हुए थे। सोमवार को बाइक से दोनों गांव लखनपुर लौटकर आ रहे थे। तभी नगला शीशम के पास बाइक की बाइक से भिड़ंत हो गई।

लूट का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। 3 माह पूर्व टेलीफोन एक्सचेंज के पास बाइक सवार व्यापारी से 86000 लूट के आरोप में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। नई मंडी थाना अधिकारी गिर्राज प्रसाद ने बताया कि 21 अगस्त021 को रात्रि 8 बजे करीब टेलीफोन एक्सचेंज के पास के निवासी व्यापारी मोहित गोयल उसके पिता हुकमचंद डैम्प रोड पर अभी दुकान बंद कर रात्री 8बजे के बाइक से घर जा रहे थे। टेलीफोन एक्सचेंज के पास घात लगाए बैठे, दो बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर 86 हजार रूपये से भरे बैग को लूट कर फरार हो गये। इस मामले में थाने के एएसआई राम खिलाड़ी व जाप्ते कांस्टेबल सूचना अधिकारी रामकेश, परमवीर.लक्ष्मण ने 3 माह से फरार चल रहे लूट के आरोपी जाट की सराय के नरेश उर्फ किट्टू पुत्र मोहनसिंह को चौबे पाड़े के नाले की पुलिया उसके पास से गिरफ्तार किया है। लूट का आरोपी नरेश उर्फ किट्टू पुत्र मोहन सिंह गुर्जर निवासी जाट की सराय को लूट के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। इससे पूर्व लूट की घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार का जेल भिजवा दिया था।

सिलिकोसिस स्क्रिनिंग कैम्प में भीड़

बयाना, (नि.सं.)। राजकीय रैफरल अस्पताल में सोमवार को विषेश सिलिकोसिस स्क्रिनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की काफी भीड उमड पडी थी। सिलिकोसिस पीडितों के लिए सरकार की ओर से दिए जा रहे विभिन्न आर्थिक पैकेजों का लाभ पाने के लालच में कई जवान व स्वस्थ लोग भी इस कैम्प में अपना पंजीकरण व स्क्रिनिंग कराने पहुंच गए थे। कैम्प में फिजिषियन डॉ.लखपतसिंह ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्राथमिक जांच व परामर्ष किया। डॉ.लखपतसिंह ने बताया कि कैम्प में आज काफी भीडभाड रही थी। कैम्प में आए मरीजों में से संभावित सिलिकोसिस पीडित 35 जनों का आवश्यक जांच व उपचार आदि के लिए चयन किया गया।

बच्चों के स्वास्थ्य की जांच

भरतपुर (निस) । आज नगर विकास न्यास भरतपुर एवं जिला कांग्रेस कमेटी महिला प्रकोष्ठ की वरिष्ठ सदस्य रही स्वर्गीय सुनीता जैन की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष में उनके परिवार जन जैनेंद्र प्रसाद जैन अभिषेक जैन नेहा जैन उनकी पुत्री पूजा जैन प्रियंका जैन कोमल जैन सचिन जैन धान्या जैन अनन्या जैन निशिक जैन, आयुष जैन हर्षित जैन हरसुल जैन द्वारा डेंटल चेकअप शिविर एवं बच्चों के लिए भोजन प्रसादी तथा जर्सी वितरण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ मंदिर संस्था के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि करीब 85 बच्चों का चेकअप दोनों डॉक्टरों द्वारा किया गया। राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग द्वारा बच्चों को जर्सी वितरित की एवं सुनीता जैन की याद में पौधारोपण किया गया।

आम सूचना

मैं गोविन्द पुत्र कन्हैया आयु 45 साल, जाति जोगी नि. क्यारदा खुर्द तह. हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.) बहल्फ बयान करता हूँ कि मेरे दो पुत्र है जिनमें बड़े पुत्र का नाम अतरसिंह है। तथा छोटे पुत्र का नाम आकाश है जो अविवाहित है। वह बुरी संगत में पड़ चुका है और आये दिन चोर प्रवृति व गुन्डा तत्व के व्यक्तियों के साथ घूमता है। उसे काफी बार समझाने का प्रयास किया। परन्तु वह बुरी संगत में फँसकर नाराज होकर वर्ष 2021 की दिपावली के दो माह पूर्व घर छोड़कर चला गया है तथा हम भी उसकी बुरी आदतों से काफी परेशान है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ तथा आज दिनांक 24.11.2021 से मेरा व मेरे परिवार का उसके साथ किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध सरोकार नहीं रहा है। अगर कोई भी शख्स इससे लेन-देन करेगा या ये कोई आपराधिक कृत्य करेगा, तो उसकी जिम्मेदारी इसकी स्वंय की होगी, न कि मेरी व मेरे परिवारजन में से किसी की भी होगी। ह. शपथग्रहिता

कार्यालय उप निदेशक महिला अधिकारिता भरतपुर

डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल के पास, ए-11 जवाहर नगर भरतपुर

क्रमांक:-म.अ./2021/1830 दिनांक: 29.11.2021

खुली बोली सूचना 07/2021-22

इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र योजना अन्तर्गत पंजीकृत सेवाप्रदाताओ/संवेदको के माध्यम से जिला मुख्यालय पर वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु मानव संसाधनों की सेवाए लिये जाने के लिये दिनांक 09.12.2021 को दोपहर 1 बजे तक खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की अनुमानित लागत 4.41 लाख रूपये हैं।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी/पढ़ी/डाउनलोड की जा सकती है।

UBN-WMP2122SSOB00113

उप निदेशक
महिला अधिकारिता, भरतपुर